स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए समाप्त कर रहे जीवीपी पांइद सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने पर लिया जा रहा है अर्थदण्ड

भिलाईनगर/ शहर के आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने भिलाई निगम हर संभव प्रयासरत है। अब गली मोहल्लों में गंदगी से निजात पाने जीवीपी पाइंट को समाप्त किया जा रहा है , ताकि लोग वहां कचरा न फेंके और स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई के नारे को साकार कर सके। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे अर्थदण्ड वसूला जा रहा है। निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में नगर पालिक निगम भिलाई को प्रथम पायदान में लाने स्वच्छता के हर मापदंडों पर कार्य किया जा रहा है। निगम प्रशासन बाजार क्षेत्र व सड़क किनारे खाद्य सामग्री विक्रय करने वालों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने तथा गीला एवं सूखा कचरा को पृथक-पृथक रखने की हिदायत दे रहे है, ताकि भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में बेतरतीब गंदगी न फैले। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा वृहद अभियान चलाया जा रहा है। सड़क नालियों की सफाई के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी निर्धारित समय पर किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में शहर के आम नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है इनसे लगातार स्वच्छता बनाए रखने अपील की जा रही है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिस क्षेत्र में लोग बेतरतीब तरीके से कचरो को फेंक देते थे , उन क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कचरा फेंकने वाले जीवीपी पाइंट को समाप्त कर वहां पर साफ सफाई किया जा रहा है तथा स्थल की सफाई कर चूना , ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। बावजूद इसके कोई कचरा फेंकता है तो जुर्माना लिया जाएगा। छोटे-छोटे कचरा पॉइंट को समाप्त कर स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर रखने का प्रयास किया जा रहा है। कचरा न फेंके इसलिए आसपास के रहवासियों एवं दुकानदारों को भी अवगत कराया जा रहा है। इधर नालियों तथा सड़क किनारे के स्थानों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जन सहयोग से तालाबों की सफाई भी की जा रही है इसी तारतम्य में आज घांसीदास नगर में सफाई अभियान चलाया गया।